हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 12वीं में टॉप करेंगी तो सबको दिखाऊंगा यह तस्वीर...



07 त्योहार आते ही सिकुड़ जाती हैं श्योपुर के बाजारों की सड़कें



खबर संक्षेप



संजोग समिति के द्वारा खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित

सागर। संजोग समिति के द्वारा खीर वितरण का कार्यक्रम कटरा बाजार में किया गया। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया प्रतिवर्ष खीर वितरण होती है आज लगभग 4000 से अधिक लोगों को खीर वितरण आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य श्री समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में कराया गया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। गुजराती बाजार में राजेंद्र टोनी केसली परिवार के द्वारा खीर वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जबकि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम के द्वारा चकराघाट पर खीर वितरण का कार्यक्रम कराया गया।

158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 अक्टूबर को

सागर। गवर्नमेंट स्कूल के 200 साल (द्विशताब्दी) वर्ष की पूर्णता को स्मरण के साथ एवं डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 अक्टूबर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच, बी एम डी तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 27 अक्टूबर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

पाठशाला के बच्चों के साथ गौशाला में सेवा

सागर। संत शिरोमणि जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के अव तरण दिवस के उपलक्ष्य मे गुरुकृपा पात्र संघ के द्वारा शास्त्री वार्ड पाठशाला के लगभग 70 बच्चों को साथ गौ सेवा आहार दान एवं सभी बच्चो का अल्पाहार गौशाला मै कराया । इस अवसर पर नगद राशि गुरुकृपा पात्र संघ के सभी सदस्यों ने मिलकर जमा की एवं महिला आश्रम मे भोजन पुण्यार्जन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संघ के दोदिवसीय कार्यक्रम मे गुरुकृपा संघ के संस्थापक संजय जैन गुरुकृपा, अनिल जैन संतोष जैन, समस्त कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। आज कटरा बाजार स्थित जय स्तंभ के सामने वर्णी काम्पलेक्स से खीर वितरित की गई।

ढाना में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सागर। माँ हरसिद्धि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ढाना द्वारा किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को निःशुल्क मृदा परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ दिल्ली-गुड़गांव के कृषि विशेषज्ञों द्वारा कृषि संबंधी सलाह दी गई। कार्यक्रम में लगभग 350 से 400 किसान शामिल हुए। संयुक्त संचालक कृषि संजय ने किसानों को पराली एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि नरवाई में आग लगाने से मिट्टी के लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं, भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है तथा पर्यावरण प्रदूषित होता है। उन्होंने किसानों को हैप्पी सीडर, सुपर सीडर सहित अन्य कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन करने की सलाह दी। उप संचालक किसान कल्याण राजेश त्रिपाठी ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत किसान, किसान उत्पादक संगठन एवं कृषि उद्यमी 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

दो प्रकरणों में नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब, आरोपी की दो घंटे में गिरफ्तारी

दो साल से लापता बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलाया, दूसरी को गुजरात से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



थाना केसली पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। एक मामले में वर्ष 2024 से लापता बालिका को दो वर्ष से अधिक समय बाद तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया, जबकि दूसरे मामले में गुजरात के बड़ौदा से नाबालिग को दस्तयाब कर सामने आए गंभीर आरोपों के आधार पर आरोपी को महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार 9 मई 2024 को एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट थाना केसली में दर्ज कराई थी। मामले में अपराध क्रमांक 164/24 के तहत प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने लगातार प्रयास, उपलब्ध सूचनाओं के विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से बालिका को दो वर्ष से अधिक समय बाद दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।

दूसरे मामले में 21 अप्रैल 2026 को नाबालिग के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना केसली में अपराध क्रमांक 65/26 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान बालिका के गुजरात के बड़ौदा में होने की जानकारी मिली। केसली पुलिस ने वहां पहुंचकर बालिका को दस्तयाब किया और न्यायालय में उसके कथन दर्ज कराए।

पुलिस के मुताबिक कथनों के आधार पर ग्राम घाना निवासी दिनेश यादव के विरुद्ध बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और गलत कृत्य करने के आरोप सामने आए। इसके बाद प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं का इजाफा किया गया। पुलिस ने आरोपी को कार्रवाई के करीब दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई

दोनों मामलों में कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी देवरी अरुण उइके के पर्यवेक्षण में की गई। थाना प्रभारी केसली निरीक्षक धर्मराज सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और त्वरित विवेचना के माध्यम से दोनों प्रकरणों में सफलता हासिल की। पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गुमशुदा बालिकाओं की तलाश तथा महिला एवं बाल अपराधों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

क्रोध और द्वेष पर नियंत्रण ही कल्याण का मार्ग : मुनि श्री अभय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ने कहा कि जीवन में धर्म को केवल सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे आत्मसात करना आवश्यक है। आचार्य श्री के ग्रंथों का अध्ययन कर आज लाखों लोग अपने जीवन को कल्याण के मार्ग पर अग्रसर कर रहे हैं।

महाराज श्री ने कहा कि क्रोध और द्वेष संसार में भटकने के प्रमुख कारण हैं। यदि मनुष्य इन पर नियंत्रण कर ले, तो उसका जीवन सुखमय बन सकता है। छोटा-सा मंत्र भी जीवन में बड़े परिवर्तन का कारण बन सकता है, बशर्ते उसे श्रद्धा और भावना के साथ अपनाया जाए।

28 नवंबर से आयोजित होने वाले समवशरण विधान का आयोजन अपने अनूठे स्वरूप और चारों दिशाओं से भगवान के दर्शन की विशेष व्यवस्था के कारण अद्भुत होगा। सभी श्रद्धालुओं को इसमें सहभागी बनकर धर्मलाभ लेना चाहिए।

कान से नहीं, ध्यान से सुनें धर्म की वाणी : मुनि श्री

मुनि श्री निरीह सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि धार्मिक कार्यों में सफलता के लिए श्रद्धा के साथ युक्तिपूर्वक कार्य करना आवश्यक है। आज अनेक लोग व्यस्तता के कारण मंदिर और प्रवचन तक नहीं पहुंच पाते, लेकिन सच्ची श्रद्धा हो तो व्यक्ति समय निकालकर धर्म से जुड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रवचन केवल कानों से नहीं, बल्कि ध्यान और मन की एकाग्रता से सुनने चाहिए। जिस प्रकार धर्म की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने से जीवन में परिवर्तन आता है, उसी प्रकार घर-परिवार में भी दूसरों की बातों को समझदारी और धैर्य से सुनना चाहिए। महाराज श्री ने उदाहरण देते हुए बताया कि एक व्यक्ति ने प्रवचन से प्रेरणा लेकर घर में सास-बहू के विवाद के समय तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय शांत रहना सीखा। इससे उसके घर का वातावरण सुखमय हो गया।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का पन्ना से भोपाल जाते समय सागर के कबूला पुल चौराहा, शनिदेव मंदिर के पास आगमन हुआ। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का आतिशबाजी, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों एवं आम नागरिकों ने उपस्थित होकर मध्य प्रदेश के न्याय योद्धा और जन-जन की आवाज जीतू पटवारी का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में मध्य प्रदेश में अन्याय, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। उन्होंने सागर के कांग्रेस जनों के जोश और एकजुटता की सराहना की और कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया। एवं 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सागर शहर कांग्रेस पूरी ताकत के साथ प्रदेश नेतृत्व के साथ खड़ी है और जनता के न्याय के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, अंकलेश्वर अन्नी दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव, रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, पप्पू गुप्ता, कमलेश तिवारी, राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, डाक्टर किरण लता सोनी, पार्षद शशि महेश जाटव, दीनदयाल तिवारी, जाहिद ठेकेदार, महेश अहिरवार, गंगाराम चौधरी, रेखा सोनी, अर्चना कनौजिया, अरविंद ठाकुर, अजय राजपूत, रोहित मांडले, आनंद हैला, नीलेश अहिरवार, लीलाधर सूर्यवंशी, साजिद राइन, नरेश सनकत, प्रभात भंडारी, पीयूष अवस्थी, फिरदौस कुरैशी, कुंदन विश्वकर्मा, फिरदौस सहित काग्रेसजन उपस्थित थे।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श मानवता और सामाजिक समरसता के प्रेरणास्रोतः विधायक शैलेंद्र कुमार जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित विशाल वाहन रैली में सम्मिलित होकर समाज के सभी जनों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों, विचारों एवं समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।

विधायक जैन ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि केवल वाल्मीकि समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के आराध्य हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर मानवता को सत्य, धर्म, मर्यादा और सदाचार का मार्ग दिखाया। महर्षि वाल्मीकि के विचार और आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक विचारों के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की जयंती समाज में एकता, सद्भाव, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। ऐसे महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक मजबूत, समरस और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। विधायक श्री जैन ने वाहन रैली में शामिल समाज के सभी बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर समाज रत्न सरवन करोसिया, मंदिर समिति अध्यक्ष बसंत करोसिया, श मुन्ना चुटीले, रामाधार करोसिया, विशाल करोसिया, नरेश करोसिया, यशवंत करोसिया, आकाश करोसिया, राहुल करोसिया, संजय करोसिया, वीरेंद्र करोसिया, युवा संगठन जिला अध्यक्ष विवेक सोदिया, युवा संगठन नगर अध्यक्ष अवंति करोसिया, कमलेश चुटीले, नीतेश चुटीले, सोनू चुटीले एवं युवा संगठन जिला महामंत्री राहुल करोसिया सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



वाल्मीकि जयंती के पर्व पर निकली वाहन रैली का शहर सेवादल परिवार ने किया स्वागत

सागर। वाल्मीकि जयंती पर शहर में वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसका शहर सेवादल परिवार ने शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे के नेतृत्व में शहर के हृदय स्थल तीन बत्ती पर भव्य स्वागत किया। वाहन रैली में शामिल वाल्मीकि जी के अनुयायियों पर पुष्प वर्षा कर सभी को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागतकर्ताओं में साथ रहे पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, तरुण सैनी, रवि जैन, आकाश, अकुर यादव नामदेव, प्रवीण यादव, परख शुक्ला, कमलेश चुटेले, सोनू चुटेले, मोंटी सेन, रोहित मछंदर, बाबू मछंदर, अरविंद बाल्मीकि, धीरज बाल्मीकि, साहिल लोहारिया, वैभव, विवेक बोहत, यशवत करोसिया आदि जन उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा के पूर्व कुंडलपुर में निबंध लेखन एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित

सागर। कुंडलपुर अतिशय क्षेत्र में विराजमान निर्यापक मुनि श्री समता सागर जी महाराज द्वारा अपने गुरु समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं वर्तमान आचार्य समय सागर जी महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के पूर्व 21 अक्टूबर को पांच विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं 25 अक्टूबर को अनेक विषयों पर झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें श्री सद्भावना पार्श्वनाथ पाठशाला बाघराज के संयोजक आलोक जैन संचालक एवं शिक्षिका श्रीमती रश्मि जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा निबंध लेखन किया गया, जिसके पुरस्कार दीपावली के उपरांत प्रदाय किए जाएंगे। 25 अक्टूबर को आयोजित झांकी प्रतियोगिता में अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, सद्भावना शाखा एवं शुभकामना परिवार सद्भावना शाखा की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि जैन द्वारा कुंडलपुर के बड़े बाबा का गगन विहार झांकी में प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्राचीन मंदिर, गगन विहार एवं नवीन मंदिर का प्रदर्शन किया गया। साथ ही श्री सद्भावना पार्श्वनाथ पाठशाला बाघराज के बच्चों, शिक्षिका, संचालक एवं संयोजक द्वारा भाग्योदय तीर्थ की झांकी प्रस्तुत की गई ।इस अवसर पर समस्त मुनि संघ, निर्णायक गण एवं अन्य झांकी लगाने वाले प्रतियोगियों सहित झांकी देखने वाले दर्शकों ने दोनों झांकियां की खूब सराहना की।



धूमधाम से मनाई गई अजमेढ़ देव जयंती, शरद पूर्णिमा पर भगवान द्वारकाधीश को लगाया रबड़ी का भोग

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित मुख्य सराफा बाजार में श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। भगवान श्री देव द्वारकाधीश की आरती कर उन्हें रबड़ी का भोग अर्पित किया गया। इसके साथ ही स्वर्णकार समाज के आराध्य अजमेढ़ देव जी की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर गढ़ाकोटा सोनी समाज के वरिष्ठ सदस्यों में राम किशुन सोनी, प्रीताम्बर सोनी, टी.एल सोनी, महेश सोनी, सुनील सोनी, हरगोविंद सोनी, वीरेंद्र सोनी, रामजी सोनी, बबलू सोनी, दीपू सोनी सहित सभी स्वाजातीय लोगों श्री अजमेढ़ देव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिलक लगाया और पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर अपने आराध्य का स्मरण किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर के ऊपरी हॉल में फर्श निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा पर समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सोनी समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। शरद पूर्णिमा और अजमेढ़ देव जयंती के संयुक्त आयोजन से मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी संघ की वर्कशॉप का आयोजन

रिटायर्ड राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के अनुभव आज भी उपयोगी हैं : पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के अनुभव का लाभ वर्तमान पुलिस अधिकारियों और नशे के विरुद्ध अभियान जैसे अनेक सामाजिक सेवा प्रकल्पों में लिया जा सकता है। इसके लिए एक व्यवस्थित मेकेनिज्म की आवश्यकता है। इस विषय को लेकर मैं मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से चर्चा करूंगा। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इंटीग्रेटेड सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी संघ की वर्कशॉप को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आयोजन में अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों में से अनेक ने पुलिस बल में अपने सेवाकाल में पदोन्नत होते हुए विभिन्न स्तर पर अनुभव अर्जित किए होते हैं। नवागत अधिकारियों को रिटायर्ड अधिकारियों के अनुभवों का लाभ उनकी कार्यप्रणाली को दक्ष बनाएगा तथा समाज हित में उनकी रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करेगा। सेवानिवृत्ति के पश्चात अधिकारी जिस जिले में भी यह रहे हैं वहां आवश्यकता अनुसार माह में एक या अधिक बार वर्तमान पुलिस अधिकारियों से मेलजोल कर अनुभवों को साझा कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि समाज में नशा एक बड़ी चुनौती के रूप में हम सब के सामने है। इसकी प्रभावी रोक थाम के लिए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के अनुभव और जानकारियां महत्वपूर्ण होसकती हैं। ऐसे अन्य सामाजिक प्रकल्प हैं जहां सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की रचनात्मक भूमिका हो सकती है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि सेवा नियमों के आधार पर सेवानिवृत्त हो कर पुलिस अधिकारियों की भूमिका बदल सकती है लेकिन सक्रियता बनाए रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मैं अपने द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों में मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर आपको आमंत्रित करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आप सभी ने महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड के क्षेत्र में निवासरत सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को एकजुट और सक्रिय रहने के लिए इस संघ का शुभारंभ किया है जिसके लिए आप सभी बधाई व अभिनंदन के पात्र हैं। आपके इस मेलजोल और सक्रियता से समाज और प्रदेश के हित में महत्वपूर्ण सुझाव निकल कर आ सकते हैं। प्रदेश का गृहमंत्री रहते हुए आपमें से से ज्यादातर अधिकारियों के कामों और उपलब्धियों से मैं अवगत हूं। आप सभी ने समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी संघ के अध्यक्ष डीआईजी एमएस वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी रहे हैं। आपने समाज को सेवा, त्याग और प्रेम दिया है। यदि समाज में हमारी कोई रचनात्मक भूमिका हो सकती है तो हम सभी तैयार हैं। हमारे संघ के 100 से अधिक सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। हम सभी का जीवन एकाकी, उपेक्षित और रिक्तता के बजाए सक्रिय और आनंदपूर्ण होना चाहिए।

कार्यक्रम का आभार सेवानिवृत्त डीएसपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने व्यक्त किया, संचालन रिटा. डीएसपी राकेश पांडे ने किया। कार्यक्रम के मंच पर पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, आई जी मिथलेश शुक्ला, डीआईजी एमएस वर्मा, डीआईजी तिलक सिंह, एडी.एसपी तिलक सिंह, एडी. एसपी राजेश तिवारी, एसपी गोपाल खन्डेल, एडी.एसपी सुरेन्द्र सिंह, एडी. एसपी मनोज वर्मा तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए।

निगमायुक्त ने भीतर बाजार पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का किया निरीक्षण

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार सुबह भीतर बाजार पहुंचकर दुकानों के सामने से हटाए जा रहे अतिक्रमण की कार्रवाई का निरीक्षण किया। भीतर बाजार व्यापारी संघ द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने पर सहमति दिए जाने के बाद निगमायुक्त ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहमति के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने वाले दुकानदारों से निगमायुक्त ने चर्चा की। सहमति बनने के बाद दुकानों के सामने सड़क तक लगाए गए टीनशेड के पाइप ग्राइंडर से कटवाकर हटवाए गए, ताकि सड़क अतिक्रमण मुक्त हो सके और आवागमन के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रखें। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने और नागरिकों को आवागमन में सुविधा देने के लिए सड़कें अतिक्रमण मुक्त रहना जरूरी है। निगमायुक्त ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भीतर बाजार की दोनों तरफ की सड़कों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित इंजीनियर को सड़क का माप लेकर निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्र कार्य शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण से भीतर बाजार का स्वरूप बेहतर होगा तथा नागरिकों और व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि दुकानों के सामने दोबारा अतिक्रमण न करें और बाजार को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करें।

पहाड़े सुनाकर नन्हीं बच्चियों ने जीता कलेक्टर का दिल, खाद की उपलब्धता देखने पहुंचे थे गांव

12वीं में टॉप करेंगी तो सबको दिखाऊंगा यह तस्वीरः कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





सरकारी कामकाज की समीक्षा और किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के निरीक्षण पर निकले कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की मुलाकात जब नन्हीं छात्राओं से हुई तो प्रशासनिक जिम्मेदारी के बीच बच्चों के भविष्य को लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय की संवेदनशीलता भी सामने आई। ग्राम श्रीनगर के माते खिरक मोहल्ले में कक्षा तीन में पढ़ने वाली नित्या और नंदिनी से हुई आत्मीय बातचीत देखते ही देखते एक प्रेरक प्रसंग बन गई।

नन्ही छात्राओं के जवाब सुन हैरान हुए कलेक्टर

कलेक्टर श्रोत्रिय ने जब दोनों बच्चियों से पहाड़े सुनाने को कहा तो उनके जवाब ने उन्हें हैरान कर दिया। एक बच्ची ने 23 का और दूसरी ने 17 का पहाड़ा सुना दिया। छोटी.सी उम्र में इतनी बड़ी गणितीय क्षमता देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई। इस मुलाकात को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि हमारे बच्चों में अपार प्रतिभा है। नित्या और नंदिनी जैसी न जाने कितनी बच्चियां आईएएस डॉक्टरए इंजीनियर और प्रोफेसर बनने की क्षमता रखती हैं।

साथ में तस्वीर खिचवाकर की उम्मीद भरी बात

कलेक्टर श्रोत्रिय ने दोनों बच्चियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई और एक उम्मीद भरी बात कही कि जब नित्या और नंदिनी 12वीं की परीक्षा में टॉप करेंगीए तब वह यह तस्वीर सबको दिखाएंगे। यह प्रसंग बताता है कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने के लिए बड़े मंच या संसाधनों की नहींए बल्कि संवेदनशील नजर और प्रोत्साहन भरे शब्दों की जरूरत होती है। जिससे छोटे गांवों और साधारण परिवारों से भी बड़ी उपलब्धियों की राह निकल सकती है।

बोर्ड परीक्षार्थियों को दिया सफलता का मंत्र

नन्हीं बच्चियों की प्रतिभा से जुड़े इस प्रेरक प्रसंग के साथ ही कलेक्टर श्रोत्रिय ने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिसने 10वीं से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर लीए उसने अपनी आगे की जिंदगी को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा दिया। बोर्ड परीक्षाओं में अब लगभग चार महीने शेष हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को घबराने या समय निकलने की चिंता करने के बजाय सही योजना बनाकर नियमित पढ़ाई में जुट जाना चाहिए। उनके अनुसारए सीमित समय में भी बेहतर अंक प्राप्त किए जा सकते हैंए बशर्ते विद्यार्थी अपनी तैयारी को व्यवस्थित रखें और लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें।

पाठ्यक्रम का आकलन कर, प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारण की दी सीख

कलेक्टर श्रोत्रिय ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि सबसे पहले वे प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम का आकलन करें और यह सूची बनाएं कि कितना कोर्स पूरा हो चुका है तथा कितना बाकी है। इसके बाद प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। उन्होंने नवंबर के अंत तक पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रयास करने और कठिन विषयों पर अधिक समय देने की बात कही। उनका संदेश स्पष्ट है कि बिना योजना के घंटों पढ़ने के बजाय लक्ष्य तय करके पढ़ाई करना अधिक उपयोगी हो सकता है। उन्होंने नियमित पुनरावृत्ति यानी रिवीजन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को रात में दिनभर पढ़े गए विषयों को दोहराना चाहिए। प्रत्येक रविवार पूरे सप्ताह की पढ़ाई का रिवीजन करेंए टेस्ट दें और पुराने प्रश्नपत्र हल करें।

पांच मिनट की रील्स कहीं एक घंटा न छीन लें

डिजिटल दौर में विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई के साथ मोबाइल और सोशल मीडिया का आकर्षण भी बड़ी चुनौती है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने विद्यार्थियों को रील्स से दूरी बनाने की सलाह देते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान मोबाइल को दूर रखना चाहिए। पांच मिनट के लिए देखी जाने वाली रील्स कब एक घंटे का समय ले लेती हैंए इसका पता भी नहीं चलता। परीक्षा के महत्वपूर्ण महीनों में समय का सदुपयोग ही विद्यार्थियों को दूसरों से आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि टेस्ट में हुई गलतियों से निराश होने के बजाय उनसे सीखना चाहिए। जिन सवालों के जवाब गलत हुए हैंए उन्हें दोबारा हल करें और कमजोर अध्यायों पर अधिक मेहनत करें।

रक्तदान शिविर में शामिल हुए विधायक

जनसेवा ही सच्ची सेवा, रक्तदान महादानः विधायक यादवेन्द्र



टीकमगढ़। मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान को सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों में से एक माना जाता है। रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती हैए ऐसे में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य को लेकर शहर के नायक मोहल्ला में असाटी नायक समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला भी शामिल हुए। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया और कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने तक सीमित नहीं हैए बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का संकल्प है। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि जनसेवा ही सच्ची सेवा है और रक्तदान से बढ़कर मानवता के कल्याण का कोई दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। रक्तदान के माध्यम से जरूरत के समय किसी मरीज की जान बचाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा के कार्यों में सहभागी बनना चाहिए। रक्तदान शिविर जैसे आयोजन समाज में सहयोगए संवेदनशीलता और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे प्रयासों से लोगों में यह संदेश पहुंचता है कि जरूरतमंदों की मदद करना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहींए बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। विधायक ने बताया कि इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का उन्हें भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान उन्होंने समाजजनों से मुलाकात की और जनसेवाए सामाजिक एकता तथा मानवता के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ने से जरूरत के समय मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। इसलिए समाज के लोगों को इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के छोटे से प्रयास से दूसरे परिवार को बड़ी राहत मिल सकती है। रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने की आवश्यकता है। जनसेवा का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता हैए जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति दूसरों के दुख.दर्द को समझते हुए मदद के लिए आगे आए। रक्तदान जैसे कार्य मानवता के इसी भाव को मजबूत करते हैं। रक्तदान शिविर में सहभागिता के बाद विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने समाज और क्षेत्रवासियों की सुख.समृद्धिए खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे जनसेवा की भावना को मजबूत करें और रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए उठाया गया एक छोटा कदम भी उसके जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है।

सियाग और कछिया खेड़ा क्षेत्र में खनिज अमले की चेकिंग

खनिज विभाग की दबिश, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने सोमवार सुबह सियाग और कछिया खेड़ा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान मुरम और गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर.ट्रॉलियों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर बलदेवगढ़ थाना पुलिस की मदद ली गई। इसके बाद खनिज विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को जब्त कर बलदेवगढ़ थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया। सुबह.सुबह हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करने वालों में हलचल रही। जानकारी के अनुसारए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा खनिज अधिकारी विपुल रावत और सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन के मार्गदर्शन में नवनियुक्त खनिज निरीक्षक स्वास्तिक देशमुख ने सोमवार सुबह खनिज अमले के साथ सियाग एवं कछिया खेड़ा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण और चेकिंग की। इस दौरान टीम ने खनिजों के परिवहन में लगे वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान एक ट्रैक्टर.ट्रॉली में मुरम तथा दूसरे ट्रैक्टर.ट्रॉली में गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। परिवहन से संबंधित नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आने पर खनिज विभाग ने दोनों वाहनों को पकड़ लिया। खनिज विभाग की कार्रवाई के दौरान मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थिति को देखते हुए बलदेवगढ़ थाना पुलिस टीम का सहयोग लिया गया। पुलिस की मदद से खनिज अमले ने दोनों ट्रैक्टर.ट्रॉलियों को जब्त कर सुरक्षित रूप से बलदेवगढ़ थाने पहुंचायाए जहां उन्हें पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में खनिज निरीक्षक स्वास्तिक देशमुख के साथ खनिज अमले के राजेश चढ़ारए हर्बल लोधी और पुष्पेंद्र पायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खननए परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार आकस्मिक निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। विभाग का कहना है कि खनिज नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। खनिजों के परिवहन में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए मैदानी स्तर पर निगरानी और चेकिंग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सियाग और कछिया खेड़ा क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान दो ट्रैक्टर.ट्रॉलियों की जब्ती को खनिज विभाग की निगरानी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। अब नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

पलेरा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजेए घोड़ेए बग्गी और महर्षि वाल्मीकि जी की आकर्षक झांकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली यात्रा का जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ी माता मंदिर के पास से हुआ। यहां से यात्रा थाना तिराहा सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। शोभायात्रा में शामिल महर्षि वाल्मीकि जी की आकर्षक झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नगरवासियों ने जगह.जगह स्वागत कर जयंती की शुभकामनाएं दीं। छोटा बस स्टैंड के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्याए पार्षद मुकेश यादवए गुलाब आदिवासीए प्रभु दयाल रैकवार, सत्येंद्र यादव, राज चौरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए आयोजन में शामिल समाजजनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव सहित वाल्मीकि समाज के सुमित वाल्मीकिए देवेंद्र वाल्मीकि, चंद्रभान वाल्मीकि, संतोष वाल्मीकि, धर्मेंद्र वाल्मीकि सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा के माध्यम से समाज के लोगों ने अपनी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। नगरवासियों की सहभागिता और जगह.जगह हुए स्वागत से आयोजन उत्साहपूर्ण रहा।

ट्रांसपोर्ट गोदाम से भरे कार्टून जब्त, दो लोग हिरासत में

दीवाली से पहले अवैध पटाखों के भंडारण पर पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दीपावली पर्व से पहले शहर में पटाखों के अवैध भंडारण और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को ढोंगा रोड स्थित विद्यासागर ट्रांसपोर्ट के गोदाम पर छापा मारकर अवैध रूप से भंडारित पटाखों से भरे कई कार्टून जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गोदाम संचालक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है। दीपावली से पहले हुई इस कार्रवाई से पटाखों के अवैध भंडारण से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस अब जब्त पटाखों के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाने के साथ मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह और एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक को मुखबिर से सूचना मिली कि ढोंगा रोड स्थित विद्यासागर ट्रांसपोर्ट के गोदाम में अवैध पटाखे रखे हुए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र घोष सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।

पुलिस टीम ने गोदाम की जांच की तो वहां पटाखों से भरे कई कार्टून मिले। पुलिस ने उन्हें जब्त कर लिया। प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान गोदाम संचालक जसरथ प्रजापति निवासी कुंज बिहार कॉलोनी तथा पटाखों का मालिक बताया जा रहा अनिकेत कसगर निवासी गल्ला मंडी को हिरासत में लिया गया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही हैए ताकि पटाखों के भंडारण से संबंधित परिस्थितियों और मामले के अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा सके। दीपावली के दौरान पटाखों की मांग बढ़ने के साथ उनके भंडारण और बिक्री को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ जाती हैं। नियमों के विपरीत पटाखों का भंडारण आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं का कारण बन सकता है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध भंडारण के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ट्रांसपोर्ट गोदाम में पटाखों का भंडारण मिलने के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के तहत कोतवाली पुलिस ने जिले में दीपावली से पहले अवैध पटाखों के भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की शुरुआत की है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिला है कि त्योहार के दौरान नियमों का उल्लंघन कर पटाखों का भंडारण करने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल जब्त पटाखों की मात्राए उनके भंडारण से संबंधित अनुमति और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। पुलिस जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण में राशन दुकान पर मिला गेहूं-चावल, नमक का स्टॉक कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले की मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत राशन दुकान लखैपुर भौंरगढ़ में अनियमितता सामने आने के बाद रविवार को सहायक आपूर्ति अधिकारी जतारा ललित मेहरा ने दुकान का निरीक्षण कर जांच की। जांच के दौरान राशन दुकान में 15 क्विंटल गेहूंए 5 से 6 क्विंटल चावल और 1ण्4 क्विंटल नमक कम पाया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी मेहरा ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने की बात कही है। राशन दुकान में खाद्यान्न की कमी सामने आने के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहींए ग्रामीणों ने राशन दुकान विक्रेता राजकुमार कुशवाहा पर नियमित रूप से दुकान नहीं खोलने और पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीण बिजेंद्र यादव टीलाए सत्येंद्र यादव डाराए बंटी अहिरवार और सियाराम भौंरगढ़ ने आरोप लगाया कि राशन दुकान विक्रेता महीने में केवल दो.तीन दिन ही दुकान खोलता है। इसके कारण कई हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में परेशानी होती है। ग्रामीणों के मुताबिकए दुकान नहीं खुलने से वे मशीन में अंगूठा लगाकर राशन की पर्ची नहीं बनवा सकेए जिसके चलते उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल पाया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अगस्त और सितंबर 2026 का राशन भी नहीं मिला है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर राशन दुकान विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दोनों महीनों का बकाया राशन दिलाने की मांग की है। सहायक आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राशन दुकान में गेहूंए चावल और नमक की कमी पाई गई है।

ग्राम पंचायतों में अभिनव पहल, चैंबर आधारित सिस्टम दे रहा कीचड़ और गंदगी से राहत


रामनगर की गलियां बनीं आंगन, अंडरग्राउंड ड्रेनेज ने बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गांव की गलियों में बहता गंदा पानीए जगह.जगह जमा कीचड़ और जलभराव की समस्या ग्रामीण जीवन की बड़ी चुनौतियों में शामिल रही है। बारिश हो या घरों से निकलने वाला रोजमर्रा का पानीए इसकी उचित निकासी नहीं होने से गलियों में गंदगी फैलती है और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब टीकमगढ़ जिले में ग्रामीण स्वच्छता की तस्वीर बदलने की दिशा में अभिनव पहल की जा रही है। गांवों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन की व्यवस्था बनाई जा रही है। इस बदलाव का सकारात्मक असर ग्रामीणों की सोच और अनुभवों में भी दिखाई देने लगा है। गांवों में लोग कहने लगे हैं कि हमारे गांव की गलियां अब आंगन में बदल गई हैं। यह वाक्य केवल स्वच्छता में आए बदलाव को नहीं दर्शाताए बल्कि ग्रामीण परिवेश को साफ.सुथराए व्यवस्थित और बेहतर बनाने की उम्मीद को भी बयां करता है।

रामनगर पंचायत में भी बदलाव की बयार

ग्रामीण स्वच्छता एवं वे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे प्रयासों में अब जतारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर का नाम भी जुड़ गया है। यहां चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से घरों से निकलने वाले गंदे पानी के प्रबंधन की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इस नवाचार का उद्देश्य गांवों में गंदे पानी को गलियों में फैलने से रोकना और उसका उचित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करना है। जिससे कीचड़ए दुर्गंध और जलभराव जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस समस्या के समाधान की दिशा में एक व्यावहारिक पहल के रूप में सामने आया है।





घरों से निकलने वाले पानी का व्यवस्थित प्रबंधन

इस व्यवस्था के तहत घरों के बाहर सिल्ट चैंबर बनाए जाते हैं। इन चैंबरों को आठ इंच के पाइपों के माध्यम से आपस में जोड़ा जाता हैए जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी भूमिगत पाइपलाइन के जरिए आगे बढ़ सके। ड्रेनेज सिस्टम के अंतिम बिंदु पर लीच पिट का निर्माण किया जाता हैए जहां पानी के निस्तारण की व्यवस्था होती है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य गंदे पानी को खुले में बहने से रोकना और गांव की गलियों को स्वच्छ बनाए रखना है। चैंबर आधारित इस प्रणाली की खासियत यह है कि इसमें गांव की जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए गंदे पानी की निकासी का स्थानीय स्तर पर समाधान विकसित किया जा रहा है। इससे गलियों में पानी जमा होने और कीचड़ फैलने की समस्या कम करने में मदद मिल सकती है। साथ हीए खुले में गंदा पानी बहने से पैदा होने वाली अस्वच्छ परिस्थितियों पर नियंत्रण पाने में भी यह व्यवस्था उपयोगी साबित हो सकती है।

225 पंचायतों में स्वच्छता का मॉडल विकसित

जिले की 225 ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की पहल ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में व्यापक बदलाव की संभावना प्रस्तुत करती है। यह प्रयास दर्शाता है कि ग्राम पंचायतें स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से उनके समाधान की दिशा में कदम उठा सकती हैं। यदि इस व्यवस्था का निर्माण तकनीकी मानकों के अनुरूप हो और नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाएए तो यह ग्रामीण क्षेत्रों में वे वॉटर प्रबंधन का उपयोगी मॉडल बन सकता है। इस पहल के लिए 15वें वित्त आयोगए राज्य वित्त आयोग और पंचायत स्तरीय निधियों से स्वच्छता के लिए निर्धारित टाइड फंड का उपयोग किया जा रहा है। इससे पंचायत स्तर पर उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ग्रामीण जीवन की बुनियादी समस्याओं के समाधान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल केवल पाइपलाइनए चैंबर और लीच पिट के निर्माण तक सीमित नहीं हैए बल्कि गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर जीवन परिस्थितियां विकसित करने का अभियान भी है।

अस्थाई अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं, स्थाई समाधान है आंतरिक बायपास

त्योहार आते ही सिकुड़ जाती हैं श्योपुर के बाजारों की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दशहरा पर्व संपन्न होने के बाद अब बाजारों में त्योहारी सीजन की रौनक शुरू हो गई है। करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली की खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़ से शहर के बाजार पटे हुए हैं। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। मुख्य बाजारों में राहगीरों को निकलने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि नगर पालिका और जिला प्रशासन समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है, लेकिन यह समस्या केवल अतिक्रमण हटाने से हल होने वाली नहीं है। शहर के बाजारों से यातायात का दबाव कम करने के लिए आंतरिक बायपास विकसित करने की जरूरत है, ताकि शहर के बाहर से आने वाले वाहन बिना शहर के भीतर प्रवेश किए अपने गंतव्य की ओर निकल सकें। इस दिशा में जिला यातायात एवं शहर सौंदर्यीकरण समिति कई बार निर्णय ले चुकी है, लेकिन आज तक अमल नहीं हो सका।

इन दिनों करवा चौथ और दीपावली की खरीदारी के चलते बाजारों में भारी भीड़ है। दुकानों पर त्योहारी सामान ला रहे वाहनों के कारण जाम की स्थिति बन रही है। समस्या सिर्फ खरीदारों की भीड़ की नहीं है, बल्कि शहर के भीतर से बाहर और बाहर से भीतर आने-जाने वाले लोगों को भी इसी भीड़भाड़ वाले बाजार से होकर गुजरना पड़ता है। यदि पूर्व में प्रस्तावित तीन आंतरिक बायपास की योजना पर अमल हो जाए तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है।



डेढ़ दशक से फाइलों में अटकी है बायपास योजना

बाहर से आने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश किए बिना बाहर निकालने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीरा-रमेश गर्ग की परिषद के कार्यकाल में तीन बायपास बनाने की स्वीकृति दी गई थी। पहला बायपास शिवपुरी रोड से आने वाले वाहनों को जिला अस्पताल से ईदगाह रोड, किला गेट, भैंसपाड़ा, मछली मार्केट होते हुए बंजारा डैम तक निकालने का था। दूसरा बायपास पाली रोड से वार्ड क्र. 10 के भीतर होते हुए बंजारा डैम तक प्रस्तावित था। तीसरा बायपास जय स्तंभ से बड़ौदा रोड स्थित कबीर आश्रम तक निकाला जाना था।

कहां-कहां लगता है जाम

माधव मंडप गार्डन के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों से पाली रोड जाने वाले लोग परेशान होते हैं।

जयश्री पैलेस के बाहर सड़क पर खड़ी बाइक व फोर व्हीलर से बस स्टैंड और पाली रोड का यातायात बाधित होता है।

चूड़ी मार्केट सब्जी मंडी गेट के सामने सड़क संकरी होने से हर घंटे जाम लगता है।

-मेन मार्केट पोस्ट ऑफिस के आगे आधी सड़क तक बाइकें खड़ी कर देने से जाम की स्थिति बनती रहती है।

एक करोड़ खर्च किए पर अनुपयोगी

हालांकि बगवाज पुलिया से किला गेट तक मुख्यमंत्री अंधोसंरचना योजना मद से स्वीकृत एक करोड़ रुपये से बगवाज पुलिया से किला गेट तक सड़क का निर्माण भी हो गया था, लेकिन योजना आगे नहीं बढ़ सकी। हाल ही में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई शहर सौंदर्यीकरण एवं यातायात व्यवस्था की बैठक में इन तीनों बायपास को फिर से बनाने का निर्णय लिया गया है।

इनका कहना...

त्योहारों पर फेरी वाले भी व्यवसाय करने आ जाते हैं, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बनती है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है और दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है, लेकिन इसका स्थाई समाधान आंतरिक बायपास बनने से ही निकलेगा।

सत्यभानु जाटव, हेल्थ ऑफिसर, नपा श्योपुर

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत बैंक ने दिया दो लाख का चेक

मां की मृत्यु पर पुत्र को मिला एसबीआई बैंक से आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना किस तरह पीड़ित परिवार के आंसू पोंछने का काम कर रही है इसकी बानगी इन दिनों बैंको में देखी जा रही है। जहां बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके नॉमिनी को बीमा क्लेम सहायता राशि दी जा रही है। इसी क्रम में श्योपुर शहर की एसबीआई स्टेशन रोड वाली शाखा में सोठवा गांव के गिरिराज बैरवा को 2 लाख रुपये का चेक दिया गया।

शाखा प्रबंधक राजीव वर्मा ने बताया कि शांति बाई निवासी सोंठवा का भारतीय स्टेट बैंक की स्टेशन रोड शाखा में बचत खाता था। उन्होंने अपने खाते के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया हुआ था। शांति बाई की मृत्यु के बाद बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरी होने पर 26 अक्टूबर को बैंक शाखा में मृतक के पुत्र गिरिराज बैरवा को बुलाकर उसे 2 लाख रुपए राशि का चेक दिया गया। अपनी मां के चले जाने के बाद बैंक के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलने पर गिरिराज बैरवा ने शाखा प्रबंधक सहित बैंक के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए यह सहायता मुश्किल समय में बड़ा सहारा साबित होगी।



436 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख का बीमा कवर

शाखा प्रबंधक राजीव वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पात्र खाताधारकों को 436 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे योजना की पात्रता और नियमों की जानकारी लेकर इसका लाभ उठाएं, ताकि किसी अनहोनी की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।

रास्ते में युवतियों से छेड़छाड़ करने वाले तीनों आरोपी पुलिस ने पकड़े, तीनों ही निकले नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अपने घर लौट रही स्कूटी सवार दो युवतियों से रास्ते में हुई छेड़छाड़ और मारपीट की घटना को लेकर भड़का ग्रामीणों सहित हिंदूवादी संगठनों का आक्रोश तब शांत हो गया है, जब पुलिस ने रातभर दबिश देकर तीनों ही आरोपियों को अरेस्ट करके न्यायालय में पेश कर दिया। विशेष बात यह है कि इस घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपी नाबालिग हैं। इसलिए पुलिस ने तीनों को अरेस्ट करने के बाद बाल न्यायालय में पेश किया है।

बता दें कि रविवार की शाम को यह घटना सोंईकलां और रायपुरा के बीच रूपनगर तिराहे के पास तब घटित हुई, जब स्कूटी से अपने गांव लौट रही दो युवतियों के साथ बाइक सवार तीन मनचलों ने न सिर्फ उनके साथ छेड़छाड़ कर दी, बल्कि विरोध करने पर उनकी मारपीट करते हुए उनका मोबाइल तक भी तोड़ दिया था। लेकिन दोनों युवतियों ने बहादुरी दिखाते हुए एक आरोपी को आसपास के लोगों की मदद लेकर मौके पर ही दबोच लिया, लेकिन दो आरोपी किसी तरह भाग निकले। मौके पर ही धरे गए आरोपी के साथ दोनों युवतियां देहात थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। इधर घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों में से दो आरोपी समुदाय विशेष के होने से सोंईकलां और रायपुरा के ग्रामीणों के साथ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर देहात थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओपी आनंद कुमार राय ने आक्रोशित लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि एक आरोपी पकड़ा जा चुका है, शेष दोनों आरोपियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा, इसके लिए पुलिस की कार्रवाई चल रही है। इसके बाद हिंदूवादी संगठन के लोग यह चेतावनी देकर शांत होकर घर लौट गए कि पुलिस ने यदि आरोपियों को सोमवार की सुबह तक नहीं पकड़ा तो हम सोमवार की सुबह 11 बजे एकत्रित होकर फिर से देहात थाने का घेराव कर देंगे।

इनका कहना है..

जिन्होने इस घटना को अंजाम दिया है, वे तीनों आरोपी श्योपुर के ही निवासी हैं। तीनों को अरेस्ट कर लिया गया है। मगर तीनों ही आरोपी नाबालिग निकले हैं, इसलिए उन्हें अरेस्ट करने के बाद बाल न्यायालय में पेश कर दिया है।

आनंद राय
एसडीओपी, श्योपुर

पुलिस ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है, यह अच्छी बात है, हमारी मांग है कि इस तरह की घटना करने वाले जेहादी मानसिकता के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो सके।

रामलखन नापाखेड़ली
भाजपा नेता, श्योपुर

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को रात्रि के दौरान ही अरेस्ट करने के साथही उनके कब्जे से लूटा गया युवतियों का पर्स तथा नकद राशि 10 हजार 50 रूपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।

शादी संबंध की बात को लेकर हुआ विवाद, क्रॉस एफआईआर

भीखापुर में बंजारों के बीच चले लाठी डंडे चार महिलाओं समेत नौ लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम भीखापुर में बंजारा समाज के दो पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष के बीच आपस में खूब लाठी डंडे चल गए। विवाद में दोनों तरफ से चार महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल करा दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि ग्राम भीखापुर निवासी लख्मी चंद पुत्र गंगाराम बंजारा और बलराज बंजारा पुत्र रन्या बंजारा के बीच रविवार की शाम को शादी संबंध की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दोरान एक पक्ष से बलराम बंजारा, ओमप्रकाश, धोडी बाई,द्रोपदी बाई और राजेश घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से लख्मी चंद्र, दाखा बाई, बृजमोहन और मोहन बंजारा घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया।

थाने के गेट पर ही उलझे दोनों पक्ष, पुलिसकर्मियों ने संभाली स्थिति

विशेष बात यह है कि गांव में विवाद शांत होने के बाद दोनों पक्ष के लोग अपनी अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए देहात थाने पहुंच गए। इस दौरान थाने के गेट पर दोनो पक्षों का आमना सामना हुआ तो दोनों पक्ष के लोग आपस में उलझ गए। इसके बाद विवाद आगे बढता,उसके पहले ही देहात थाने के पुलिसकर्मी सक्रिय हो गए और उन्होने तत्काल स्थिति संभालते हुए दोनो पक्षों को अलग अलग कर दिया और फिर उन्हें अलग अलग बुलाकर उनकी एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने लख्मीचंद बंजारा की रिपोर्ट पर भरत बंजारा, बलराम बंजारा, राम अवतार, बलराज बंजारा के खिलाफ तथा बलराज बंजारा की रिपोर्ट पर श्रीमोहन, नर सिंह, बीरबल बंजारा, लख्मीचंद बंजारा के खिलाफ मारपीट की धाराओ के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

यह समय लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रयास का है इसलिए एकजुटता जरूरी : चौहान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यह समय देश में लोकतंत्र को बचाने का है। भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र को खत्म कर अघोषित रूप से राजतंत्र लाने पर आमादा है। प्रधानमंत्री जन सेवक के बजाय राष्ट्र शासक की तरह काम कर रहे हैं और जनता को संविधान में सरकार चुनने का जो महत्वपूर्ण वोट का अधिकार मिला है उसे भी छीना जा रहा है। इस अधिकार को छीनने से बचाने लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कांग्रेसियों में एकजुटता जरूरी है इसलिए राहुल गांधी द्वारा जो लोकतंत्र को बचाने के लिए अभियान शुरू किया है उसे सफल बनाने में अधिक से अधिक भागीदारी निभाएं।

यह बात श्योपुर जिले के प्रभारी विजय सिंह चौहान ने कांग्रेसियों की बैठक में उन्हें समझाइश देते हुए कहीं। इस दौरान एक नववर्ष को दिल्ली में आयोजित होने राहुल गांधी कि रैली में कौन कितने लोग लेकर पहुंचेगा इसकी भी समीक्षा की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देश भर में चलाए जा रहे वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी श्योपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकतंत्र की रक्षा करने और संविधान को बचाने के लिए 01 नवंबर को इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जनजागृति महारैली को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला प्रभारी विजय सिंह चौहान, विधानसभा प्रभारी राम हरि शर्मा एवं रामजीलाल कुशवाहा, विधायक बाबू जंडेल, जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल चौहान सहित अन्य कांग्रेसी नेताओ ने भी अपने विचार रखे।

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनने पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पार्षद राजेंद्र मित्तल को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनने पर उनका अभिनन्दन कार्यक्रम सोमवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शशांक भूषण की उपस्थिति में किया गया।

समाजसेवी राजेंद्र मित्तल को व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर शहर के व्यापारियों ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष शशांक भूषण का आभार जताया। इस दौरान व्यापारियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष से कहा कि आपने पहली बार हमारे बीच से ऐसे व्यक्ति का चुनाव किया है जो हमेशा व्यापारिक हितों की चिंता करने वाला है और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलता है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने कहां कि आभार मेरा नहीं प्रदेश नेतृत्व का जताया जाए जिन्होंने इस अच्छे नाम पर मेरी अनुशंसा पर स्वीकृति की मोहर लगाई। साथ ही जिलाध्यक्ष ने राजेंद्र मित्तल का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया और उनसे और उनके साथ आए व्यापारियों से उम्मीद की है कि वह लोकतंत्र बचाने भीड़ तंत्र हटाने के अभियान में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे।



घर के बाहर बंधी भैसों को खोल ले गए चोर, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी कोतवाली क्षेत्र में चोरी की वारदाते होने का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है। विगत रात्रि के दौरान चोर घर के बाहर बाडे.में बंधी भैसों को चोरी करके रफूचक्कर हो गए। हालांकि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है,लेकिन अभी भैस चोरी कर ले जाने वाले चोरो का कोई सुराग नहीं है। जैदा मंडी क्षेत्र निवासी लख्मीचंद मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा ने अपनी भैसो की चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि 23-24 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि के दौरान उसने अपनी तीन भैसो जिनमें एक पडिया भी शामिल है को चारा खिलाकर घर के बाहर बने बाडे में बांध दिया और सो गया। इसके बाद चोर रात्रि के दौरान मौका देखकर तीनो भैसो को चोरी कर ले गए। जिसका पता उसे सुबह नींद खुलने पर चला। पुलिस ने भैस चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कराहल के गोठरा में जनसुनवाई कार्यक्रम आज

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार आदिवासी विकासखण्ड कराहल की ग्राम पंचायत गोठरा में 27 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भैरोबाबा मंदिर परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी पूर्ववत प्रातः 11 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम रहेगा।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ब्लैक स्पोट, वर्षा ऋतु उपरांत मार्गो पर हुए गड्ढो के मरम्मत कार्य तथा राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गो तथा प्रमुख सडको के शॉल्डर के संधारण सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।


प्रतिबंध का उल्लंघन पर किया जाएगा 21 हजार जुर्माना और सामाजिक बहिष्कार

श्योपुर में मेव समाज ने की अनूठी पहल लगन की कुप्रथा पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के मेव (मेवाती) समाज ने बेटियों के विवाह में फिजूलखर्ची रोकने और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए एक अनुकरणीय पहल की है। समाज में सदियों से चली आ रही 'लगन झेलना-झिलवाना' की रस्म को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। रविवार को शहर के ईदगाह परिसर में आयोजित हुई मेव समाज की महापंचायत में यह अहम निर्णय लिया गया।

ईदगाह में आयोजित बैठक में शहर श्योपुर के अलावा कराहल, रानीपुरा, पीपल्दा, खेड़ा, चक फतहपुर, नयागांव, ढोढर सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाज के पंच-पटेल और प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उपस्थित समाजीय लोगो के द्वारा चिंता जताई गई कि महंगाई के इस दौर में भी ऐसी रस्में निभाई जा रही हैं जिनका इस्लाम और शरीयत से कोई संबंध नहीं है। वधू पक्ष से लगन के नाम पर नगद और उपहार की मांग से गरीब परिवारों के लिए बेटी की शादी करना मुश्किल हो रहा है और समाज में दिखावे की होड़ बढ़ रही है। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज के बाद होने वाले नए रिश्तों में लगन की प्रथा नहीं निभाई जाएगी। जिनके रिश्ते पहले से तय हो चुके हैं, वे पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार कार्यक्रम कर सकेंगे। यदि कोई भी व्यक्ति इस फैसले का उल्लंघन करते हुए लगन झेलता या झिलवाता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



नियम तोड़ने पर ये होगी कार्रवाई

1. लगन लेने-देने वाले परिवार पर 21,000 रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा।
2. नियम तोड़ने वाले परिवार के शादी समारोह में समाज का कोई भी व्यक्ति भोज में शामिल नहीं होगा।
3. शहर काजी ऐसे परिवारों के यहां निकाह पढ़ाने नहीं जायेंगे।

दूसरे समाजों को सीख लेने की जरूरत

मेव समाज के लोगो के इस निर्णय से जहां समाज में बेटी के पिता रस्मो के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची से राहत मिलेगी,वहीं अन्य समाज के लोगो को भी इस निर्णय से सीख लेने की पहल करनी होगी। यहां बता दें कि आज भी समाज में कई तरह की ऐसी परंपराए चल रही है,जिनसे न सिर्फ धन की फिजूल खर्ची हो रही है, बल्कि अनावश्यक आर्थिक बोझ भी बढ रहा है। इसलिए ऐसी फिजूलखर्ची वाली रस्मों पर रोक लगाने के लिए अन्य समाज के लोगो को भी इस तरह बैठक करके सामूहिक पहल करनी चाहिए।

कुप्रथा को समाप्त कर दिया

लगन की कुप्रथा को मेवाती समाज में समाप्त कर दिया है। अब लगन में सिर्फ चिट्ठी जाएगी वह भी सिर्फ दो लोग लेकर जाएंगे। इस नियम को नहीं मानने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी और सामाजिक बहिष्कार तक किया जा सकता है।

हेमू मेवाती
सरपंच मुस्लिम मेवाती समाज जिला श्योपुर

हर्षोल्लास से मनी महर्षि वाल्मीकि की जयंती, निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को संत महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर जहां वाल्मीकि समाज ने नगर में चल समारोह निकाला। वहीं नगरपालिका द्वारा एकीकृत बस स्टैंड पर लगाई गई महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्चूअली लोकार्पण किया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि सेना ने महर्षि जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए और नगर में चल समारोह निकाला। वार्ड क्रं. 02 स्थित मंदिर पर संत महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। अधिकतर वक्ताओं की थीम शिक्षा पर आधारित थी। उन्होंने कहा कि, शिक्षा के कारण ही वाल्मीकि को महर्षि वाल्मीकि कहा गया। शिक्षा कोई जात-पात कोई ऊंच-नीच नहीं देखती है। शिक्षा जो भी हासिल करेगा, वह आगे बढ़कर अपने कुल का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों व युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। रात को मंदिर पर जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने पहुंचकर भागीदारी की। इससे पूर्व नगर में एक चल समारोह भी निकाला गया। चल समारोह में दो बालक लव-कुश का वेशधारण कर एक घोड़े की लगाम थामें चल रहे थे जो जुलूस के आकर्षण का केंद्र रहे। इस बार जुलूस में युवाओं द्वारा अखाडाबाजी का प्रदर्शन भी किया गया।



महर्षि के विचारों को आत्मसात करें : तोमर

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत के महान कवि थे। उन्होंने पावन ग्रंथ रामायण की रचना करके हमें प्रेम, त्याग, तप व यश की भावनाओं का महत्व बताया है। रामायण की रचना कर उन्होंने हर किसी को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाई। जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। उनके ये विचार शशक्त और आत्मनिर्भर भारत कि कल्पना को लेकर थे जिन्हें आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। यह बात शहर श्योपुर के एकीकृत बस स्टैंड के भीतर नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित की गई महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने संबोधन देते हुए कही। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समाज के लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेड़ी निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्दर सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरौदिया निवासी नंदलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी मनमोहन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुन्नालाल, हरिओम, मिथलेश ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मिथलेश बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनमोहन,मनीषा लखन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शांतपुर निवासी देशराज जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम कौंध्याई निवासी अमनदीप पत्नि मोहन सिंह सिक्ख उम्र 22 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवल कर लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

युवती मंगेतर से फोन पर बात करने के दौरान कुए में कूंदी

अशोकनगर। जिले के ग्राम गोविन्दपुर निवासी 19 वर्षीय युवती जब अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी उस दौरान उसका छोटा भाई भी उसके साथ था घर से 300 मीटर दूर स्थित कुए में युवती ने छलांग लगा दी। दो घण्टे बाद मृतिका का शव बाहर निकाला गया। घटना के बारे में बताया गया है कि आने वाली फरवरी को उसकी शादी तय हो गई थी, और परिवार के लोग तैयारियों में लगे थे, युवती अशोकनगर में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी, कुछ दिन पहले ही वह अपने घर गांव में वापिस लौटकर आई थी। इसी दौरान उसने यह कदम उठाया,पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संगठित रूप से जुआ खेलते 5 आरोपियों को पकड़ा



अशोकनगर। थाना प्रभारी देहात निरीक्षक आकाश शर्मा ने ग्राम बमनाई हवेली में मंदिर के चबूतरे के पास दबिश देकर संगठित रूप से जुआ खेल रहे 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी जप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बमनाई हवेली में मंदिर के चबूतरे के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने मौके से जुआ खेलते हुए देवेन्द्र पिता राजाराम यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी बमनाई; कृष्णपाल पिता राजालाल यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली; धर्मेन्द्र पिता नत्थूलाल वंशकार, उम्र 32 वर्ष, निवासी नहर कॉलोनी; संजीव पिता प्रकाश अहिरवार, उम्र 35 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली तथा राजू पिता वीर सिंह यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली को पकड़ा तथा उनके कब्जे से 8,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना देहात पर अपराध क्रमांक 588/26, धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 112(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

अमाही तालाब से दिया जा रहा है खेतों को पानी, प्रतिबंध की नपा ने की मांग

जल संकट की आहट, नपा ने युद्ध स्तर पर कार्रवाई की शुरूआत की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब में लगातार पानी का जलस्तर कम होता जा रहा है, इस खतरनाक जल स्तर की कमी के कारण आने वाले दिनों में शहर को गंभीर जल सकंट का सामना करना पड़ सकता है। इस संकट के लिए स्वयं नागरिकों को जागरूक होना होगा, इस बार अल्प वर्षा से अशोकनगर गुजर रहा है, अमाही तालाब में पानी की कमी के बाद लगातार कम हो रहे पानी के जल स्तर के बाद आने वाले दिन गंभीर जल सकंट के हो सकते हैं। जिसके लेकर नगरपालिका अभी से नागरिकों को जागरूक करने में लगी है।

तालाब 23 फिट की क्षमता का 19 फिट पानी आया, अब 18 फिट पर पहुंचा

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर ग्वालियर स्टेट के समय बना अमाही तालाब 120 वर्ष पुराना है, इस तालाब से 1964 में बनी जल प्रदाय योजना आज भी लागू है, सवा लाख आवादी वाले शहर को मिलने वाला पानी वर्षा पर निर्भर करता है, अगर वर्षा अच्छी हुई तो तालाब में पानी भरपूर आता है, अगर कम वर्षा हुई तो तालाब में पानी की समस्या पैदा होने से शहर के लोगों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष 23 फिट की क्षमता वाले इस तालाब में 19 फिट पानी आया है यानी 4 फिट पानी कम आया है, पिछले 1 माह में 1 फिट पानी कम होने के बाद जल स्तर 18 फिट पर रह गया है। इस तालाब से शहर की जनता को पानी भी मिलता है और खेती की सिंचाई भी की जाती है। मार्च से खेती को पानी देने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है यह तब होता है जब भरपूर वर्षा हो और तालाब पानी से लवालव हो।



मुख्यमंत्री के निर्देश, पीने के पानी वाले स्थानों से खेती को पानी न दिया जाए

लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत हैं, न तो तालाब पानी से लवालव हो पाया है और न ही खेती पर प्रतिबंध लगाया गया है। अल्प वर्षा के बाद तालाब में पानी की कमी के कारण शहर के लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। जिसके लिए नगरपालिका युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर रही है। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा प्रशासन को और थाने में आवेदन भी दिया जा रहा है कि जो तालाब में मोटर डालकर पानी लिया जा रहा है उस पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने बताया कि लगभग 25 मोटर प्रतिदिन पानी निकाल रहीं हैं। जबकि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन जल स्त्रोतों से पेयजल के लिए पानी दिया जाता है उन जल स्त्रोतों से खेती के लिए पानी न दिया जाए, मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं जिसे देखते हुए अशोकनगर के अमाही तालाब से खेती के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बिन्दु बार जानकारी दी



- अल्प वर्षा के कारण तालाब में पानी की कमी जल स्तर में लगातार गिरावट।
- आम नागरिक जागरूकता का परिचय दें पानी का सदुपयोग करें, वाहनों का न धोएं, दीपावली पर पानी व्यर्थ न वहाएं।
- भूमिगत बोर में पानी कम होने से जनवरी में ही सूखने की संभावना।
- बोर में पानी संचित करके रखें ,जितनी जरूरत है उतना ही उपयोग करें।
- तालाब से पानी खेती के लिए निकाला जा रहा है, सोमवार को नपा पुलिस में आवेदन देगी।
- प्रतिदिन 20 से 25 मोटर डालकर तालाब से पानी निकाला जा रहा है।
- सीएम के निर्देश जहां से पेयजल सप्लाई है वहां से खेती को पानी न दिया जाए।
- राजघाट बांध से पानी लाने की जल निगम की योजना पूरी होने की संभावना नहीं।
- जनता 100 प्रतिशत सहयोग करे तो इस पानी की कमी को युद्ध से जीता जा सकता है।
- एक दिन छोड़कर 1 घण्टे ही पानी प्रदाय।
- बैठक बुलाकर नए नल कनेक्शनों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, नई पाईपलाईन डालने पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।
- शहर में जो पांच नई टंकिया बनी हैं वह राजघाट बांध से पानी आने पर ही शुरू होगीं।
- नाले के पानी को शुद्ध पानी में बदलने 27 करोड़ की योजना पर जल्द ही काम, यह पानी पीने के योग्य नहीं अन्य कार्यों में उपयोग होगा।



विद्यार्थी एक अच्छे पत्रकार अच्छे लेखक और अच्छे क्रांतिकारी भी थेः मुरारी गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

देश के महान क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मातृभूमि सेवा संस्था के द्वारा अथक पथ संग्रहालय में मनाई गई। आयोजन के दौरान श्री विद्यार्थी को उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर गणेश शंकर विद्यार्थी का साहित्य एवं उनकी पुस्तक रखी गई। जिस पर अथक पथ संग्रहालय के अध्यक्ष मुरारी गो स्व मी , आईसीएसटी के डायरेक्टर संजीव जैन, राम शर्मा, पत्रकार राकेश सेन, पत्रकार डॉ राजेश बबेले, आशीष तिवारी, हरि शर्मा, प्रवीण शर्मा, भूमिका चौबे, पार्थवी शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पत्रकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मुरारी गोस्वामी ने बताया कि वह एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दे दिया एवं कानपुर में दंगे में उनकी हत्या कर दी।

क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मातृभूमि सेवा संस्था के द्वारा मनाई

प्रतापी प्रेस के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन सदैव मानवता के लिए समर्पित रहा। वह एक अच्छे पत्रकार अच्छे लेखक और अच्छे क्रांतिकारी भी थे। पत्रकार राकेश सेन ने भी उनके जीवन चरित्र की चर्चा की तथा उन्हें महान क्रांतिकारी और महान पत्रकार बताया। राम शर्मा ने बताया कानपुर के चौबे गोला में उनकी हत्या कर दी गई थी। 2 दिन बाद उनका मृत शरीर मिला। माखनलाल चतुर्वेदी के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी ने हीं प्रेरित किया था और वह कविता मुझे तोड़ लेना बनमली उस पथ पर तुम देना फेक, मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाए वीर अनेक। रचना गणेश शंकर विद्यार्थी के आग्रह पर ही माखनलाल चतुर्वेदी ने लिखी थी। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अशोकनगर जिले के 11 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों और दक्षता प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सांदीपनि विद्यालय, अशोकनगर में जिले के सभी 11 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों एवं दक्षता प्रभारियों की प्रथम मासिक अकादमिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी 11 विद्यालयों के प्राचार्यों एवं दक्षता प्रभारियों की सहभागिता रही। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने की।

बैठक में प्रमुख अकादमिक विषयों पर चर्चा- बैठक में विद्यालयों में दक्षता के स्तर में सुधार हेतु किए जा रहे अभिनव प्रयासों को साझा करने, अकादमिक संवाद के उन्मुखीकरण,मासिक मूल्यांकन, आगामी माह की कार्ययोजना, निदानात्मक कक्षाओं के संचालन तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

विद्यालयों में किए जा रहे बेहतर प्रयासों का साझाकरण- बैठक के दौरान पीएम श्री विद्यालय अथाईखेड़ा, पीएम श्री जीएमएस - 04 अशोकनगर, पीएम श्री विद्यालय शाडोरा एवं पीएम श्री विद्यालय प्राणपुर में दक्षता के स्तर में सुधार हेतु किए जा रहे प्रभावी प्रयासों एवं नवाचारों को संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा साझा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन प्रयासों को ध्यानपूर्वक सुना, उनकी सराहना की तथा अन्य विद्यालयों को भी इनसे सीख लेकर अपने विद्यालयों में प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस संवाद से विद्यालयों में हो रहे सकारात्मक कार्यों को एक-दूसरे के साथ साझा करने तथा सामूहिक रूप से शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी का विशेष मार्गदर्शन एवं अपेक्षाएँ- जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने विद्यालयों में दक्षता के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों के सीखने के स्तर में होने वाले बदलावों को साक्ष्य आधारित तरीके से दर्ज करने एवं साझा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि अशोकनगर जिले के सभी 11 पीएम श्री विद्यालय प्रत्येक माह कम- से-कम एक प्रेरक प्रयास, नवाचार अथवा सफलता की कहानी साझा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी मासिक अकादमिक बैठकों में प्रत्येक विद्यालय अपने यहाँ किए जा रहे किसी एक प्रभावी प्रयास को साझा करने की तैयारी के साथ उपस्थित हो, ताकि सभी विद्यालयों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और अपनी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिल सके।

प्रभावी शिक्षण और संस्थाओं में सुधार को सीमित न रखा जाए: उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि विद्यालयों में शिक्षक एवं प्राचार्य द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों, प्रभावी शिक्षण तकनीकों तथा बच्चों के सीखने के स्तर में आए सकारात्मक बदलावों को केवल विद्यालय तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें व्यवस्थित रूप से दर्ज कर साझा किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय सदैव सहयोग हेतु प्रतिबद्ध है।

सेजी सड़क दुर्घटना में दोनों वाहन चालक गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार द्वारा ग्राम सेजी सड़क दुर्घटना के मामले में फरार दोनों वाहन चालको को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 19 अक्टूबर 2026 की रात्रि ग्राम सेजी के पास दो वाहन चालकों द्वारा आपस में आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई। दुर्घटना के बाद दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रक एवं कंटेनर को जब्त कर अपराध क्रमांक 305/26, धारा 105, 125(ए), 281 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 184 मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी शाडोरा को उक्त प्रकरण में कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कंटेनर चालक आरोपी ओशपाल पुत्र मेघसिंह,निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर 21 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेन्स फेडरेशन बीना इकाई की कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेन्स फेडरेशन बीना इकाई की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में उपस्थित रेलवे पेंशनरों ने आपसी सहमति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन किया।

नवगठित कार्यकारिणी में राम जीवन यादव को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा डॉ महेंद्र पुरोहित को कार्यकारी अध्यक्ष, पीएस परिहार, बीएल रॉय एवं एसके शर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। केके तिवारी को संयुक्त सचिव एवं अनवार अहमद, आरके पटेरिया एवं रामेश्वर गोस्वामी को सह-सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा डॉ. एमके मिश्रा सचिव निर्वाचित किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में यूसी श्रीवास, रामचंद्र राणाडे, बीके लवानिया एवं अशोक ठाकुर को शामिल किया गया।

श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर

अशोकनगर। आचार्य श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत रविवार को जैन नर्सिंग होम इंदिरा पार्क अशोकनगर में स्वर्गीय दिलीप बड़कुल की स्मृति में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क बीपी, मधुमेह स्वास्थ्य परीक्षण के साथ महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के जाने-माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके जैन, डॉ मेघा भांवर ने अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान मौजूदा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। विशिष्ट सहयोग जैन नर्सिंग होम कमेटी अशोक गर और अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का रहा। इस मौके पर डॉ वर्षा बड़कुल, देशना बड़कुल दर्शित बड़कुल ,परिवार ने शिविर आयोजित किया। पुण्य स्मृति में औषधी दान के रूप में शिविर आयोजित किया शिविर में महिला पुरुष वर्ग बच्चे सभी का बीपी शुगर महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा चेकअप किया गया। जिसमें अधिक मात्रा में महिलाओं में नियमित पीरियड न आने की समस्या स्किन प्रॉब्लम के ज्यादा लक्षण पाए गए ब्लड की कमी आईरन डिफिशिएंसी रही। इस अवसर पर 85 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। बड़कुल परिवार की ओर से संदीप बड़कुल, रश्मि बड़कुल दिनेश, दीप्ति बड़कुल, दर्शीत बड़कुल ,सम्यक बड़कुल सोल ,अमित दिव्या बड़कुल महिला परिषद नीलू बरौदिया ममता अथाईखेड़ा ममता मोहरी , प्रियंका अमरोद, रानी गांधी, मनीषा अरिहंत, रिंकी, मंजू नेशनल, श्वेता भोपाली, शैलजा खैरा उपस्थिति रहीं। वर्षा बड़कुल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सड़क पर लगते जाम को देखते हुए डायवर्सन प्लान लागू किया गया

मंडी में माल की बंपर आवक को लेकर यातायात में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में कृषि उपज मंडी अशोकनगर में कृषि उपज की भारी आवक के दृष्टिगत शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति को रोकने तथा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत मंडी में आने-जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, लोडिंग वाहनों एवं अन्य भारी वाहनों के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों का पालन करने तथा यातायात पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

निर्धारित डायवर्सन मार्ग का करें उपयोग- ईसागढ़ एवं चंदेरी मार्ग से नवीन कृषि उपज मंडी आने-जाने वाले वाहन सेन तिराहा-त्रिदेव मंदिर-जीबीएस कॉलोनी मार्ग-नवीन मंडी का उपयोग करेंगे। यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए सेन तिराहा, कचनार तिराहा, एचडीएफसी तिराहे की ओर तथा मोहरी पेट्रोल पंप से पठार की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों से अपील की गई है कि प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें तथा यातायात पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें।

नवीन मंडी के पिछले गेट पर पुलिस बल तैनात- मंडी में वाहनों की अधिक संख्या को देखते हुए नवीन कृषि उपज मंडी के पिछले गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस बल द्वारा वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, यातायात के दबाव को नियंत्रित करने तथा जाम की स्थिति निर्मित होने से रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

ओवरसाइज भूसा ट्रैक्टर पर कार्रवाई, 8,500 का जुर्माना- यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक आकार में भूसा लेकर जा रहे ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाने सहित संबंधित उल्लंघनों के मामले में कुल 8,500 का जुर्माना किया गया। पुलिस द्वारा भूसा परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालकों एवं मालिकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही परिवहन करने की समझाइश दी गई है। भूसा परिवहन करने वाले वाहन चालकों को यह भी अवगत कराया गया है कि भूसा परिवहन रात्रि 9.30 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक निर्धारित समयावधि में ही करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली में निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई अथवा चैड़ाई में भूसा भरकर परिवहन करना अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण है और इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

बाईपास पुल पर जाम से बचने के लिए पर्याप्त डीजल लेकर चलें -अशोकनगर बाईपास पुल पर वाहनों का ईंधन समाप्त हो जाने के कारण बीच रास्ते में वाहन खड़े होने तथा जाम की स्थिति निर्मित होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। वर्तमान में कृषि उपज मंडी में वाहनों की अत्यधिक आवाजाही, आगामी त्योहारों तथा बाईपास पुल के संकरे होने के कारण इस प्रकार की स्थिति आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा ट्रक, लोडिंग वाहन एवं अन्य वाहन चालकों से अपील की गई है कि बाईपास पुल पर प्रवेश करने से पहले अपने वाहन में पर्याप्त मात्रा में डीजल अथवा अन्य आवश्यक ईंधन की उपलब्धता रखें। साथ ही वाहन की तकनीकी स्थिति की जांच कर ही पुल से आवागमन करें, ताकि रास्ते में वाहन बंद होने से यातायात बाधित न हो और अनावश्यक जाम की स्थिति निर्मित न हो।

एसपी की वाहन चालकों से अपील

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि कृषि उपज मंडी में आने-जाने के लिए निर्धारित डायवर्सन मार्ग का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित मार्गों पर आवागमन न करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य मालवाहक वाहनों में निर्धारित मानकों से अधिक सामग्री भरकर परिवहन न करें और भूसा परिवहन के लिए निर्धारित समयावधि का पालन करें। बाईपास पुल से गुजरने से पहले पर्याप्त ईंधन एवं वाहन की तकनीकी स्थिति सुनिश्चित करें। सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें तथा यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।